Regarding need to run long distance train from Asarwa, Ahmedabad instead of Udaipur-Laid

श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल **(**अहमदाबाद पूर्व**) :** अहमदाबाद-उदयपुर रेलवे लाइन का विद्युतीकरण करने के लिए माननीय रेलवे मंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं । यह कार्य रेल मंत्रालय के गतिशील नेतृत्व में ही संभव हो पाया है | अहमदाबाद-उदयपुर रेलवे लाइन मेरे निर्वाचन क्षेत्र अहमदाबाद-पूर्व से गुजरती है| उदयपुर से अहमदाबाद रेलवे लाइन विद्युतीकरण का काम पूर्ण हो गया हे| उदयपुर से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें योग नगरी ऋषिकेश, गौहती, कोलकाता, पटना, बीकानेर, जयपुर, कोटा, रतलाम, शालीमार, जम्मू तवी, कामाख्या, दिल्ली, एवं दिल्ली रोहिल्ला स्टेशन जा रही हैं । यदि इन ट्रेनों को असारवा-अहमदाबाद से चलाया जाए तो गुजरात के यात्रियों को लंबी दूरी के सफर के लिए आसान हो जाएगा| अतः मैं रेलवे मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उदयपुर से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेने असारवा अहमदाबाद से चलाई जाए ।